तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025



11 जिले में एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन जारी शिविरों में ...





12 संस्कृति और एकता का पर्व बना मातर मड़ई उत्सव






**खबर संक्षेप**

### विवाद शांत कराने गए युवक की पिटाई

**बालोद।** लक्ष्मी विसर्जन के दौरान विवाद शांत कराने वाले युवक की पिटाई विवाद करने वाले युवक ने कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115, 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम गंधरी निवासी विजय साहू ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को हमारे गांव में लक्ष्मी विर्सजन का कार्यक्रम चल रहा था, मैं भी गांव वालो के साथ नाचते हुए विर्सजन करने जा रहा था, तभी हम लोग लगभग 05 बजे गांव के प्राथमिक स्कूल के पास पहुंचे थे डीजे गाड़ी भी लगी थी, डीजे गाड़ी को गांव का महेश मानिकपुरी चला रहा था तभी खेमचंद साहू गाड़ी चला रहे महेश मानिकपुरी के पास आया और बोला गाड़ी को जल्दी क्यों भगा रहा है अभी हम लोग नाचेंगें कहते हुए महेश मानिकपुरी के साथ वाद–विवाद करने लगा, तब मैं बीच–बचाव किया कि हो गया जाने दो लड़ो मत, उतने में दोनो शांत हो गये कि कुछ देर आगे चलने के बाद खेमचंद साहू मुझे गाली देने लगा तब मैं बोला कि गाली मत दे उसके बाद मैं आगे बढ़ गया, उसी समय खेमचंद साहू का चाचा प्रेमा साहू भी वही पर आ गया और दोनो ने मिलकर हाथ मुक्का से मुझे मारपीट किये है।

### बंटवारे को लेकर भाइयों में मारपीट, अपराध दर्ज

**बालोद।** बटवारे में मिले मकान के विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई की पिटाई कर दी। जिसक बाद पीड़ित पक्ष ने अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115, 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जेवरतला निवासी जम्पा लाल साहू ने पुलिस को बताया कि मई 2025 में हम बटवारा हुए है, बटवारा गांव के प्रमुख लोगो के द्वारा लाखा (पर्ची) के माध्यम से बटवारा किये है, जिसमें घर का सामने का भाग मेरे पक्ष में आया तथा घर का पीछे का भाग मेरे भाई दिनेश के पक्ष में आया, उसी बात को लेकर मेरे भाई मेरे साथ वाद–विवाद कर झगड़ा लड़ाई करता है, 23 अक्टूबर को शाम 07:30 बजे मैं अपने मेहमान को घर दिखाने ले गया था घर दिखाने के बाद मैं मेहमान के साथ वापस आ रहा था उसी समय मेरा भाई दिनेश पीछे से आकर यह घर मेरा है कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया, मारपीट को देखकर मेरी पत्नि खिलेश्वरी साहू, मेरा ससुर शिवप्रसाद साहू, मेहमान दुष्यंत कुमार साहू, भेष राम सिन्हा बीच–बचाव किये है।

### शराबी पति ने पत्नी की पिटाई की, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** शराब पीकर आए पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पत्नी ने शराबी पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गिधवा पुलिस चौकी पिनकापार थाना देवरी निवासी निराशा साहू ने पुलिस को बताया कि मै अपने पति और चारों लड़को के साथ ग्राम गिधवा में रहती हूं। 26 अक्टूबर को मेरे पति प्रेमलाल साहू सुबह करीब 10–11 बजे बकरा मटन लेकर घर आया और मुझे सब्जी बनाने के लिये बोला, तब मैं सब्जी काटने का लोहे के पैसूल से प्याज लहसून काट रही थी, मेरे पति शराब पीकर आया हुआ था, जो शराब के नशे में जबरदस्ती मुझे गाली गलौज दे रहा था, तब मैं अपने पति को गाली गलौज करने से मना की। इसी बात पर हम दोनों पति–पत्नि वाद विवाद हो रहे थे। उसके बाद लड़ाई झगडा बढ़ते हुये देखकर मैं चुपचाप गांव के शोभा राम देवांगन के घर चली गई और शोभाराम देवांगन तथा उसके बहू बेटा को लडाई झगड़ा की बात बताई। दोपहर करीब 02:30 बजे तक शोभा राम देवांगन के घर में बैठी थी। 02:30 बजे के बाद अपने घर आई और कमरा अन्दर जाकर सो गई थी। दोपहर शेष पेज 10 पर

# पंचायतों की लापरवाही से स्वच्छता अभियान बेअसर, एग्रीग्रेशन शेड है उपेक्षित

**स्वच्छता पर खर्च लाखों, परिणाम शून्य-पंचायतों की उदासीनता से ग्रामों में फैली गंदगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लाखो खर्च करने के बाद भी पंचायतो की लापरवाही से स्वच्छता अभियान दम तोड़ रहा है। ग्रामों में आजीविका कार्यकलाप के लिए बने वर्कशेड एग्रीग्रेशन शेड उपेक्षित पड़े है एवं ग्रामों में कचरा का ढ़ेर जमा हो रहा है।


शासन द्वारा ग्राम पंचायत करहीभदर, सांकरा क एवं कन्नेवाड़ा मे 6.20 लाख रूपये प्रत्येक ग्राम पंचायत को एग्रीग्रेशन शेड के लिए स्वीकृत किए थे। राशि स्वीकृति के बाद तीनो पंचायतो में एग्रीग्रेशन शेड बनाया गया। यह स्वीकृति जून 2022 में हुई थी। तीनो पंचायतो ने एग्रीग्रेशन शेड बना लिया, लेकिन तीनों ही पंचायते इसका उपयोग करने में नाकाम रही। तीनो ही स्थलों में एग्रीग्रेशन शेड के साथ शौचालय बनाया गया है वह भी अनुपयोगी हो गया है अब टूटने लगा है। ग्राम पंचायत कन्नेवाड़ा का एग्रीग्रेशन शेड तो बनने के बाद से ही उपेक्षित पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया इसका कभी उपयोग ही नही किया गया है। शेड खाली पड़े है देखने से ही स्पष्ट होता है कि इसका कभी उपयोग नही किया गया। यहां के शौचालय मे नल टूट चूके है।

पानी की व्यवस्था नही है। शेड तक पहुंचने का मार्ग नही है, पंचायत शेड निर्माण के तीन साल बाद भी पहुंच मार्ग नही बना सका। ग्राम सांकरा क मे स्थित एग्रीग्रेशन शेड की स्थिति भी दयनीय है। यहां कचरो को डाला तो गया है लेकिन उसका सही संधारण नही हो पा रहा है।



### शौचालय बना खंडहर

शेड के प्रवेश द्वार को देखकर समझा जा सकता है कि लंबे समय से इसका उपयोग नही किया गया होगा। यहां का शौचालय भी खण्डहर होने की कगार पर है। ग्राम करहीभदर की स्थिति तो और भी बदत्र है, यहां एग्रीगेशन शेड का लंबे समय से ताला नही खुलने की जानकारी ग्रामीण देते है। यह इसलिए भी सही प्रतीत होता है कि पंचायत ने शेड के सामने खुले मैदान में ही कचरो का ढेर लगा रखा है। जो मार्ग मे चलते राहगिरो के लिए परेशानियो का सबब है। कचरो के ढेर से उठने वाली बदबू राहगिरो को परेशान करती है। एग्रीग्रेशन शेड बनने के बाद भी तीनों ही पंचायतो में कचरो का सही निष्पादन नही हो रहा है, जिससे सफाई कार्य कर रही समूहो की महिलाओ को लाभ नही हो रहा है वही ग्राम में भी कचरो का ढेर लगा हुआ है।



**पानी भरी नदी को रोजाना पार करते ग्रामीण, पुल निर्माण में देरी से बढ़ी मुश्किलें**

# तांदुला नदी पर पुल निर्माण कार्य अटका दूसरी बार मंजूरी के बावजूद नहीं हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला से होकर बहने वाली तांदुला नदी में शासन स्तर पर पुल बनाने को लेकर दूसरी बार स्वीकृति के बाद भी अभी तक पुल निर्माण को लेकर कोई सुगबुगाहट देखने को नही मिल रही है, जिससे पुल निर्माण ना होने का डर ग्रामीणों में बना हुआ है। ग्राम नेवारीकला से होकर गुजरने वाली तांदुला नदी मे इस वर्ष सबसे अधिक समय तक तांदुला छलकने के कारण नदी मे पानी वर्तमान मे भी बरकरार है, ऐसे में ग्रामीणो को वर्तमान समय में पैदल व सायकल चालक जैसे तैसे नदी पार कर रहे है लेकिन दोपहिया या अन्य वाहन चालक नदी में पानी होने के कारण नदी के मार्ग से जिला मुख्यालय आने में असमर्थ है।

- दशकों पुरानी मांग अब भी अधूरी– नेवारीकला के ग्रामीण पुल निर्माण को लेकर फिर चिंतित

नदी मार्ग से जिला मुख्यालय की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है, नदी में पानी सूखने की स्थिति में ग्रामीण जिला मुख्यालय आने के लिए नदी मार्ग का उपयोग करते है, लेकिन बारिश के मौसम में नदी में पानी आ जाने पर ग्रामीणो को टेकापार, पड़कीभाट बाईपास का उपयोग कर जिला मुख्यालय आना पड़ता है। जिससे ग्रामीणो को 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। ऐसे में बारिश के दिनो से शुरू हुई यह समस्या नवंबर माह तक बनी रहती है।

जिसके कारण ग्रामीणों राज्य बनने से पहले से ही ग्राम नेवारीकला स्थित तांदुला नदी में पुल बनाने की मांग करते आ रहे है, ग्रामीणों की दशको पुरानी मांग को पर अब कुछ वर्शो से शासन प्रशासन का ध्यान भी गया है। तो उसे भी शासन प्रशासन सिर्फ कागजो में पूरा करते नजर आ रहा है, ग्रामीणों को बताया गया कि नेवारीकला स्थित नदी में पुल की निर्माण के लिए इस वर्श शासन स्तर पर प्रस्ताव पास होने एवं बजट में आ गया हैं, ऐसा दूसरी बार जानकारी मिली हैं। लेकिन यह जानकारी मात्र सूचना तक सीमित है। निर्माण को लेकर अब तक कोई पहल आगे नही बढ़ पाई है। ग्रामीणों मे चर्चा है कि पूर्व सरकार में जिस प्रकार बजट में पारित होने के बाद भी निर्माण नही हुआ।

कहीं वहीं स्थिति दूबारा निर्मित ना हो जाए तथा पुनः राशि स्वीकृति के बाद ग्रामीणों को अगले साल भी कई सालो से चली आ रही समस्या का सामना ना करना पड़े। इसलिए ग्रामीण जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कर नदी में पुल निर्माण की मांग कर रहे है। ग्राम नेवारीकला की अर्थव्यवस्था जिला मुख्यालय पर निर्भर है, व्यापार करने के लिए कुम्हार, सब्जी उत्पादक, दुग्ध व्यापारियों को दीपावली के साथ कई तीज त्यौहारो व हर दिन सामान विक्रय करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला मुख्यालय आते है, साथ ही कर्मचारी व रोजी मजदूरी व विद्यार्थीयो को भी जिला मुख्यालय आने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



**25 गांवों के लोग होंगे लाभान्वति**

ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी में पुल निर्माण से जिला मुख्यालय आने के लिए ग्राम टेकापार, खैरवाही, पोण्डी, लोण्डी, लाटाबोड़, पैरी सहित 25 से अधिक ग्रामो को सीधा लाभ होगा। वही बघमरा, मेढ़की, ओरमा सहित दर्जन भर ग्राम नेवारीकला नदी मार्ग से सीधे दुर्ग मुख्य मार्ग मे पहुंचकर समय व ईधन की बचत कर सकते हैं। जिससे दुर्ग से जिला मुख्यालय आने वालो को भी लंबी दूरी से निजात मिलेगा।

# दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गली में गाली गलौज को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हो गई जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- ग्राम बागतराई में विवाद ने लिया मारपीट का रूप

ग्राम बागतराई निवासी पूर्णानंद साहू ने पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर को रात्रि करीबन 09 बजे मैं अपने घर पर था उसी समय गांव के मनोज कुमार अपने मोबाईल से गाली गलौज करते हुये हमारे घर के रास्ते से गुजर रहा था, जो मुझे एवं हमारे परिवार के लोगों को सुनने में बहुत बुरा लग रहा था जिसे गाली गलौज करने से मना किया तो मैं अपने मोबाईल से दोस्त दुष्यंत साहू को गाली गलौज कर रहा हू बताया और गाली गलौज करते हुये अपने घर जाकर अपने पिता रामचंद के साथ हमारे घर के पास आकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे व मनोज कुमार के द्वारा अपने हाथ में पहने चुडा से मेरे सिर मे मारा जिसे देखकर मेरा लडका छविकांत साहू बीच बचाव करने आया तो उसे भी हाथ मुक्का से दोनों मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे दाहीने सिर के पास चोट आया एवं मेरे लड़का छविकांत के सिर में चोट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

वही दूसरे पक्ष ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है ग्राम बागतराई मनोज कुमार हल्बा ने पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर को रात्रि करीबन 09 बजे ग्राम बागतराई के मिडील स्कूल की ओर से अपने घर अपने साथी प्रवीण सोम के साथ मोबाईल से अपने दोस्त दुष्यंत साहू से बाते करते हुये जा रहा था, गांव के पूर्णानंद साहू के घर के सामने रास्ते पर पहुचा तो पूर्णानंद साहू घर से निकलकर मोबाईल से क्यों गाली गलौज कर रहे हो हमारे घर वालों को सुनने में बुरा लग रहा है बोलने पर मैं अपने साथी से बात कर रहा हू बोला, तो पूर्णानंद साहू आवेश में आकर अपने लड़के छवीकांत साहू के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुये धमकी देकर हांथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे नाक एवं गला में चोट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# प्रिया राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली की छात्रा प्रिया पिता कंशराम ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिया का चयन शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो सरगुजा संभाग में 28 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगी।



रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं कोच चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि प्रिया ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। वह अब अंडर-19 वर्ग में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। फुटबॉल के प्रति समर्पित यह प्रतिभाशाली आदिवासी बालिका अपने कोच चन्द्रशेखर पवार के मार्गदर्शन में निरंतर कठिन परिश्रम कर रही है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी, डीएसओ किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, बीएसओ मंजुला यदु (डौंडी), प्राचार्य विनिता सैनी, प्रधानपाठक असीम सक्सेना, सरपंच रम्हऊ राम, रामाधार साहू तथा शाला विकास समिति सहित समस्त शिक्षकों ने प्रिया को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। प्रिया की इस उपलब्धि से चिखली गाँव में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग व विद्यार्थी प्रिया को क्षेत्र की उभरती फुटबॉल स्टार बताते हुए उसकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# ट्रक की ठोकर से कार सवार दो घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मृतक कार्यक्रम से कार के माध्यम से लौटकर आ रहे लोगों को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे कार में सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हे अस्पताल मे भर्ती किया गया। जिसके बाद पीड़ित ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नंबर 12 गंजपारा बालोद निवासी कांती लाल जैन ने पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर के सुबह करीबन 06 बजे बालोद से पारिवारिक शोक कार्यक्रम में अपने परिचित रविशंकर पाण्डे बालोद निवासी के कार क्रमांक सीजी 04 पी0सी0 8598 को लेकर मैं, अपनी मां तारा बाई जैन, पत्नी वर्षा जैन, छोटा भाई डोंगरमल जैन के साथ कोण्डागांव गया था, शोक कार्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात शाम करीबन 04 बजे कोण्डागांव से बालोद आने के लिए निकला था, शाम करीबन 07:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मार्ग ग्राम बालोदगहन सोनी ढाबा के पास पहुंचा था, कि विपरित दिशा सामने धमतरी की ओर से ट्रक क्रमांक सीजी 17 केटी0 6648 के चालक ने मेरे कार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट करने से मेरे बाएं पैर के घुटना एवं जांघ, बांए आंख के पास चोट लगा है। मेरी मां ताराबाई शेष पेज 10 पर

# कम्प्यूटर की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हाई स्कूल मोखा में कम्प्युटर की चोरी के आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने 04 आरोपीयो को गिरफ्तार किया है। जिसमे पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वालो को भी आरोपी बनाया है।

चिरईगोड़ी थाना बालोद वर्तमान शिक्षक हाई स्कूल ग्राम मोखा प्राथऍं नरेन्द्र कुमार साहू पिता चुम्मन सिंह साहू 50 वर्श ने 12 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11–12 अगस्त के दरम्यानी रात्रि में हाई स्कूल ग्राम मोखा के कम्प्युटर कक्ष से कम्प्युटर मॉनीटर, सीसीटीव्ही मॉनीटर और सीपीयु, युपीएस, कीबोर्ड, माउस को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई मशरूका की पता तलाश हेतु बीट प्रभारियों के द्वारा लगातार माल सामान एवं अज्ञात आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा था, संदेही आरोपी वासुदेव सिन्हा जो पूर्व में अन्य राज्य काम करने गया था, वह दीपावली के बाद पुनः अन्य राज्य जाने की प्लान बना रहा था, संदेह पर संदेही वासुदेव सिन्हा एवं उसके साथी लोमेश यादव उर्फ गोलू निवासी ग्राम मोखा से कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिन्होने घटना दिनांक को स्कूल परिसर से उक्त सामान चोरी करना स्वीकार करते हुए चोरी गई संपत्ति को साल्हेटोला थाना गुरूर निवासी चेतन यादव लक्ष्मीनारायण यादव 25 वर्श एवं जंगलीभेजा थाना गुरूर निवासी दीपक कुरेटी पिता विजय कुमार कुरेटी 21 वर्श को बेच देना बताये तथा युपीएस को पुलिस के भय से नहर नाला में फेंक देना बताये। आरोपी लोमेश यादव एवं वासुदेव यादव का शेष पेज 10 पर



**अवैध शराब बेचने पर 20,000 जुर्माना लगेगा**

# ग्राम बगदई बना मिसाल-ग्रामीणों ने नशा जुआ और मोबाइल गेम पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रविवार को ग्राम बगदई में ग्राम विकास समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमे 200 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। यह गांव में ज्यादातर आदिवासी बाहुल्य गांव के नाम से जाना जाता है। जहां ग्राम विकास समिति ने स्वतंत्र रुप से निर्णय लेकर नशा, जुआ, तास, तंबाकू, शराब और बच्चों को मोबाइल गेम खेलना सर्वसम्मति से पूर्णतारू प्रतिबंधित कर दिया गया है। गांव में किसी प्रकार का नशा का अवैध व्यापार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए समस्त गांव वासियों ने निर्णय किया है की अवैध शराब बेचने वाले को 20000 रुपए जुर्माना और प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। गांव में शराब पीकर हुड़दंग मचाने या सार्वजनिक स्तर पर शराब पीने पर या कम उम्र के बच्चों को मोबाइल गेम या नशा करते पाए जाने पर पूरी तरीके से प्रतिबंधित है ऐसा करते पाए जाने पर 10000 रूपए जुर्माना देना पड़ेगा। इसी तरह ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इस समय कोई अवैध बिक्री नहीं हो रही है हालांकि गांव में नशे का कारोबार ज्यादा नहीं है फिर भी बच्चों की भविष्य को देखते हुए पहले से सांवधानी बारती जा रहे हैं। गांव के बड़े बुजुर्ग नशे से दूर रहेंगे तो युवाओं और बच्चों को भी इससे दूर रख सकते हैं। किसी को नशे की आदत हो जाए तो उसे छुड़ाना मुश्किल होता है। इसलिए पहले से ही युवाओं व बच्चों को दूर रखने के लिए यह कदम उठाया जा रहे हैं। जिससे यहां गांव आदर्श बन सके इसमें ग्रामवासी का बहुत ही सहयोग रहा।

- ग्राम बगदई की ग्राम विकास समिति का सराहनीय निर्णय



इसमें ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष पेमन सिंह सिवाने, उपाध्यक्ष गोपी राम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण कलिहारी, सचिन जनक राम, तामेश्वर सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बद्री राम सिवाने, उप सरपंच गौकरण कलिहारी, जनपद प्रतिनिधि लक्ष्मी चंद साहू एवं ग्राम विकास समिति के सभी सदस्य की उपस्थिति में या निर्णय लिया गया है। जिसका पालन समस्त ग्रामवासी को करना अनिवार्य किया गया है।




# देश में कहीं भी नहीं है पक्का मकान तो भिलाई में मिल सकता है आवास, प्रक्रिया शुरू

## दूसरे चरण की शुरुआत में 536 आवासों को मिली स्वीकृति, 511 के भवन अनुज्ञा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में रहने वाले परिवारों के लिए अच्छी खबर है, यदि देश में कहीं भी आपके नाम से पक्का मकान नहीं है, तो आपको यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिल सकता है। बशर्ते आपको निर्धारित नियम-शर्तों का पालन करना होगा।

भिलाई निगम में ऐसे लोगों को आवास दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योजना के दूसरे चरण में 805 आवासों के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा गया था, जिसमें से 536 स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 511 के लिए भवन अनुज्ञा प्रदान की जा चुकी है। उसमें से 350 से अधिक में कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार एवं राज्य शासन की प्राथमिकता में होने से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाता है, जिनके पास स्वयं की भूमि या पट्टा उपलब्ध है।

### पहले चरण में 5115 आवासों की स्वीकृति, 5033 बनकर तैयार

प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक के अंतर्गत प्रथम चरण में 5115 आवास स्वीकृत हो चुके हैं, जिसके विरुद्ध 5033 आवास पूर्ण हो चुके हैं। द्वितीय चरण में स्वीकृत आवासों को लेकर काम भी शुरू किया जाएगा। 350 से अधिक में कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। योजना के अंतर्गत वो हितग्राही पात्र होंगे, जिनके पास देश में किसी भी स्थान पर पक्का आवास न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम हो, भूमि स्वामित्व, पट्टा संबंधी दस्तावेज हो तथा परिवार के सभी सदस्यों का आधार व आवेदक का बैंक खाता हो।



### तकनीकी दिक्कतों के कारण कई लोगों को नहीं मिल पाया आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत अब तक 5920 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। अधिकांश बसाहट नियोजित है। बड़ा भाग भिलाई इस्पात संयंत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं रेलवे में शामिल होने से उक्त भूमियों पर पट्टा वितरण का प्रावधान नहीं है। इस वजह से इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को योजना के अंतर्गत लाभान्वित नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में नवीन पट्टा का वितरण संबंधी कोई योजना प्रभावशील नहीं होने के कारण नवीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ दिलाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसे देखते हुए नई कार्ययोजना तैयार की गई है।

### आवास के लिए आवेदन से जुड़ी जानकारी जोन-3 में मिलेगी

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपील की गई है की यदि कोई आवेदक के पास प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी अंतर्गत स्वयं की भूमि, पट्टा है। उनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है तथा देश में कहीं भी उनके नाम पर पक्का मकान नहीं है, तो निगम के जोन 3 मदरटेरेसा नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय पर निगम के दूरभाष नंबर 0788-2294303 पर फोन कर जानकारी ली जा सकती है। ताकि उन्हें सरकार की इस महती योजना का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप



### चेंबर ऑफ कामर्स ने महापौर का जताया आभार

दुर्ग। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला दुर्ग के पदाधिकारियों ने महापौर अल्का बाघमार से मुलाकात की। उन्होंने दीपावली पर दुर्ग शहर के पूरे बाजारों में हर प्रकार के व्यवसाय व्यापार में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गौरी-गौरा पूजा, मातर एवं छठ पूजा में लगने वाली सारी सामग्री का विक्रय हर प्रकार के व्यवसाय व्यापार में ग्राहकों का आवागमन, शहर के सभी बाजारों में बहुत अच्छा रहा। दुर्ग नगर निगम महापौर पार्षद एवं नगर निगम कमिश्नर द्वारा दुर्ग शहर की सफाई व्यवस्था लाइट की व्यवस्था बाजारों में छोटी-बड़ी गाड़ियां रखने की व्यवस्था जगह-जगह पसरा लगने की जगह तय कर सभी को सुगमता से व्यवसाय करने का मौका मिला। इसी विषय को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला दुर्ग के पदाधिकारी नगर निगम महापौर अल्का बाघमार को धन्यवाद देकर मुंह मीठा कराया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला अध्यक्ष अनूप गटागट, शिव चंद्राकर, जवाहर जैन, दीपक चोपड़ा, संजय खंडेलवाल, अरुण दुग्गड आदि मौजूद थे।

## कंडम आवासों में रहने के लिए मजबूर हैं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवार

# 702 परिवारों पर बेदखली का खतरा, जगह नजूल को हस्तांतरित करने उठ रही मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### हॉस्पिटल सेक्टर में रहने वाले परिवार लंबे समय से परेशान

इस्पात संयंत्र नगर सेवा विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 69 हॉस्पिटल सेक्टर में बने आवासों को अनफिट घोषित कर दिया गया है। वर्तमान में इस जगह पर 702 परिवार निवासरत हैं। ये वे परिवार हैं, जो बीएसपी में सेवारत रहे कर्मचारियों के हैं। इन परिवारों के सामने अब बेदखली का खतरा मंडराने लगा है। इसे लेकर उक्त जगह को नजूल को हस्तांतरित किए जाने की मांग उठने लगी है।

स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस जगह को हैंडओवर लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण कराया जाए। या जगह लीज पर दी जाए। ताकि परिवारों को आशियाना मिल सके। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता एवं हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने जनहित मे कलेक्टर एंव नगर पालिका निगम भिलाई के आयुक्त से इसे लेकर मां की है।

जावेद खान ने कलेक्टर एंव आयुक्त को सौंपे ज्ञापन मे बताया कि पिछले दिनों जिला प्रशासन एंव भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर साहब की अध्यक्षता मे हुई थी, जिसमें की जिला प्रशासन ने बीएसपी से कोर्ट एंव नालंदा परिसर बनाने से लेकर अनेक विकास कार्यों के लिए जमीन की मांग की है। इसी तारतम्य मे अस्पताल सेक्टर स्थित बीएसपी द्वारा घोषित अनफिट ब्लाक के रहवासियों द्वारा मांग की गई है।



### कोर्ट व नालंदा परिसर के लिए जगह उपलब्ध कराने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक बीएसपी प्रबंधन द्वारा नालंदा परिसर और कोर्ट के लिए जगह उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। जमीन नजूल को दी जानी है। ऐसे में लोगों की मांग है कि हॉस्पिटल सेक्टर की उक्त जमीन भी शासन को हस्तांतरित की जाए। मानवीय आधार पर इन परिस्थितियों मे यह विकल्प हो सकता है कि सम्पूर्ण क्षेत्र को बीएसपी प्रबंधन राज्य शासन के नजूल विभाग को हस्तांतरित कर दे। यह क्षेत्र बीएसपी का अंतिम छोर है। इसके बाद हुडको सेक्टर है, जो की नजूल के अंतर्गत आता है। अगर इस क्षेत्र को भी नजूल घोषित कर देते है तो सभी परिवारों को आबादी पट्टे दिए जा सकते हैं।

### जमीन दिए जाने लिए मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

लोगों का कहना है कि जमीन नजूल को हैंडओवर किए जाने से बिजली सीएसईबी से मिल सकेगी। इससे बीएसपी भी मुफ्त की बिजली के नुकसान से बच सकती है। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। गरीबों के आवास के लिए रास्ता साफ होगा। इसके अलावा नगरीय निकाय विभाग छग शासन द्वारा अंगीकार योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत भी इन बेघर हो रहे 702 परिवार को अंगिकार कर प्रधानमंत्री आवास योजना में मर्ज किया जा सकता है। लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद विजय बघेल, बीएसपी प्रबंधन से इस विषय को गंभीरता से लिए जाने की मांग की है।

### 20 सालों से नारकीय जीवन जीने विवश है निवासरत परिवार

लोगों ने बताया कि 702 परिवार जो यंहा निवासरत हैं, पिछले 20 वर्षों से नारकीय जीवन जीने को विवश है। सेक्टर 9 अस्पताल में नियमित बी एस पी के सफ़ाई कर्मचारी, अटेंडेंट के रूप मे सेवा की थी, लेकिन आज की पीढ़ी ठेकेदारी में वहीं सेक्टर 9 अस्पताल में न्यूनतम वेतनमान में जैसे-तैसे अपना जीवन बसर कर रही है। पहले की अपेक्षा आज का जीवन बहुत कठिन हो गया है। पैसों का अभाव ऊपर से घरों की दयनीय स्थिति। इसलिए स्थायित्व प्रदान किया जाना आवश्यक हो गया है। न्यायालय से जो स्टे मिला हुआ था, वह हाल ही में वैकेंट हो गया है। अब बीएसपी प्रबंधन कभी भी बेदखली की कार्रवाई कर सकता है।

## कलार समाज शिक्षा प्रकोष्ठ ने उत्कृष्ट शिक्षकों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा




छत्तीसगढ़ डडसेना कलार (सिन्हा) समाज के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में समाज के शिक्षकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट योगदान को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं और उनके मार्गदर्शन से ही नई पीढ़ी का भविष्य निर्माण होता है। उन्होंने समाज के शिक्षकों से प्रेरित होकर अन्य युवाओं को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजू जायसवाल विधायक महासमुंद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में डौंडीलोहारा विकासखंड के तीन शिक्षकों शैलेंद्र कुमार सोनवानी, रविचंद सिन्हा एवं गजाधर सिन्हा को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी निष्ठा, परिश्रम एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित शिक्षकों को समाज के पदाधिकारियों ने शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर तहसील कलार सिन्हा समाज एवं जिला कलार समाज के पदाधिकारियों ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- डौंडीलोहारा के शिक्षक हुए सम्मानित, डडसेना कलार समाज ने किया गौरवान्वित

## मंत्री गजेन्द्र ने व्यापारियों और युवाओं से की मुलाकात, फीडबैक भी लिया



**दुर्ग।** मंत्री गजेंद्र यादव इन दिनों बिहार में हैं। वे आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छपरा और बनियापुर के भाजपा प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। रविवार को उन्होंने वहां के व्यापारियों, युवाओं और नागरिकों से मुलाकात की। उन्हें छठ और दीपावली त्योहार की बधाई दी। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार से प्रेरित जनकल्याणकारी मॉडल को बिहार में साझा किया। वे गांव, बाजार, समाज के बीच पहुंचकर जनता से संवाद कर रहे हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार में डबल इंजन की सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार का सुशासन मॉडल, दोनों ही प्रदेशों में विकास की नई मिसाल बन रहे हैं। बिहार की जनता को भी उसी पारदर्शी, जनसेवी और परिणाममुखी शासन का लाभ मिलेगा।

उन्होंने छपरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी के समर्थन में व्यापारियों, युवाओं और आम नागरिकों से मुलाकात कर छठ पर्व की शुभकामनायें दी। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार किए हैं, जो अब हर घर तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छपरा पहुंच रहे हैं। प्रदेश से मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक रिकेश सेन, विधायक भावना बोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवेंद्र परिहार सहित अन्य बिहार में भाजपा के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंचे हुए हैं।

## ग्रीन कॉरिडोर से मिली नई जिंदगी इलाज के लिए पहुंचाया एम्स रायपुर

**भिलाई।** इंसानियत और तत्परता का एक प्रेरक उदाहरण शनिवार को देखने मिला, जब यातायात पुलिस दुर्ग ने गंभीर मरीज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जीवन बचाने की मुहिम चलाई।

भिलाई सेक्टर-6 निवासी एम. राजा कैंसर से पीड़ित हैं। शनिवार को उनकी हालत अचानक बिगड़ने पर उन्हें सेक्टर-9 बीएसपी अस्पताल से एम्स रायपुर रेफर किया गया। स्थिति की नाजुकता को देखते हुए दुर्ग यातायात पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत तुरंत कार्रवाई की और सेक्टर-9 से एम्स रायपुर तक करीब 35 किलोमीटर लंबे रास्ते को खाली करा दिया।



कंट्रोल रूम, जोन प्रभारी और मार्ग पर तैनात टीमों ने मिलकर पूरी समन्वित कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे मरीज को बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से एम्स रायपुर पहुंचाया जा सका। फिलहाल मरीज का इलाज एम्स रायपुर में जारी है। यातायात पुलिस दुर्ग ने नागरिकों से अपील की है कि आपात स्थितियों में पुलिस के साथ सहयोग करें और एंबुलेंस या आपात सेवा वाहनों को रास्ता दें, क्योंकि आपकी जागरूकता किसी की जान बचा सकती है।

## मंगल भवन और लोकांगन का होगा मेंटेनेंस, आयुक्त ने दिए जरुरी निर्देश



**भिलाई।** निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन 2 वैशाली नगर के परदेसी चौक, लोकांगन, शांति नगर और शांति नगर दशहरा ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने परदेसी चौक गार्बेज वेरिएबल पॉइंट में किए गए सौंदर्यीकरण का अवलोकन किया गया। पूर्व में यहां मोहल्ले वासियों द्वारा कचड़ा फेंका जा रहा था, जिसका ब्यूटीफिकेशन कर पेवर ब्लॉक लगाया गया। पेंटिंग और हरियाली की गई। सामुदायिक मंगल भवन वैशाली नगर संधारण कार्य का अवलोकन किया गया। किराया निर्धारण कर विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्य में उपयोग का निर्णय लिया गया। आयुक्त ने लोकांगन में डोम शेड, पेविंग कार्य और अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। एजेंसी से चर्चा कर आवश्यक संधारण करवाने हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया। पार्षद अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति में शांति नगर गार्बेज वेरिएबल पॉइंट का अवलोकन किया गया। निगम आयुक्त ने लोगों से अपील की कि गीले एवं सूखे कचरे डस्टबिन में छांटकर कलेक्शन गाड़ियों को दें। यहां वहां न फेंके जिससे शहर की स्वच्छता बरकरार रहे। शांति नगर दशहरा मैदान में प्रकाश व्यवस्था और उपयोगिता के संबंध में चर्चा की गई। मैदान के सुव्यवस्थित संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति जारी किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

### पटेल चौक के बगल में स्थापित लौह पुरुष की प्रतिमा का जल्द बदलेगा स्थान

# पटेल की जयंती पर दुर्ग में 12 और भिलाई में 14 नवंबर को यूनिटी मार्च, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (माय भारत) द्वारा यूनिटी मार्च का देशव्यापी अभियान छेड़ा गया है। यह अभियान सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत को सम्मान देने और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक देश के प्रत्येक जिलों में पदयात्रा के अलावा निबंध, वाद-विवाद, वार्ता, व्याख्यान, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, यंग लीडर, स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए है। जिसके अंतर्गत दुर्ग जिला, भिलाई शहर और बेमेतरा जिला में यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। दुर्ग जिला में यह यूनिटी मार्च 12 नवंबर को पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ होगी, जो दुर्ग-भिलाई के प्रमुख मार्गों से होते हुए पाटन पहुंचेगी। जहां ग्राम सेलूद चौक पर यूनिटी मार्च का समापन होगा। सांसद विजय बघेल ने दुर्ग शहर के पटेल चौक के बगल में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के स्थान परिवर्तन से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रतिमा के स्थान परिवर्तन को लेकर उन्होने प्रशासनिक स्तर पर पहल व प्रयास किए है। जिसके सार्थक परिणाम सामने आने वाले है। सरदार पटेल की प्रतिमा को अब पटेल चौक के बगल से हटाकर पटेल चौक पर ही स्थित घड़ी चौक के सामने लगाने की तैयारी है। प्रतिमा के स्थान परिवर्तन का यह कार्य आगामी 25 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

- सांसद विजय बघेल ने दी आयोजन से जुड़ी जानकारी




### तीन दर्शन मंदिर से निकलेगी पदयात्रा, डबरापारा में होगी समाप्त

इसी प्रकार भिलाई शहर में 14 नवंबर को तीन दर्शन मंदिर पावरहॉउस चौक से यूनिटी मार्च की शुरुआत होगी। जिसका डबरापारा भिलाई-03 में समापन होगा। बेमेतरा जिला में भी यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। जिसके लिए फिरहाल अभी तिथि की घोषणा नहीं की गई है। यूनिटी मार्च के लिए तिथि 1-2 दिन के भीतर तय कर ली जाएगी। यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, शिक्षाविद्, साहित्यकार, चिकित्सक, सेवानिवृत्त प्रशासनिक कर्मचारी एवं सैन्य अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों के अलावा सभी वर्ग से लोग शामिल होंगे। जिला स्तर पर यूनिटी मार्च की कलेक्टर मॉनिटरिंग करेंगे। जिला स्तर के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भी यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। जिसके लिए प्रत्येक जिले से 5 लोग चयनित किए जाएंगे। ये लोग 26 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच यूनिटी मार्च का हिस्सा बनेंगे और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थली नाडियाद,गुजरात तक पदयात्रा कर पहुंचेंगे।

### जिला संगठनों से 5-5 प्रतिनिधि पदयात्रा में शामिल

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यूनिटी मार्च में दुर्ग जिले के लोग नागपुर से शामिल होंगे। जहां से वे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मस्थली के लिए मार्च करेंगे। यह यूनिटी मार्च राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इसमें किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा नहीं होगा, केवल भारत का तिरंगा झंडा लहराएगा। जिसके माध्यम से यूनिटी मार्च में राष्ट्रीय एकता व प्रेम का संदेश दिया जाएगा। यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने रविवार को सर्किट हॉउस में मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू, महापौर अल्का बाघमार, जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, विनोद अरोरा, अशोक राठी, मनोज सोनी, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### कम्प्यूटर की ...

धारा 23(2) साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसके आधार पर चोरी गई कम्प्युटर मॉनीटर, सीसीटीव्ही मॉनीटर और सीपीयु, कीबोर्ड को आरोपीगणों से जप्त किया गया है। प्रकरण के चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

### ट्रक की ठोकर ..

के सीना, दाहिना पैर के घुटना, पीठ में तथा चेहरा में चोट लगा है एवं मेरा छोटा भाई सामने माथे, दाहिना पैर जांघ, दाहिना तरफ सीना में चोट लगा है कार क्रेटा क्रमांक सीजी 04 पी0सी0 8598 का सामने तरफ क्षतिग्रस्त हो गया है।

### शराबी पति ने पत्नि की ...

करीब 03 बजे मेरे पति प्रेमलाल साहू कमरा अन्दर आकर मुझे फिर से गाली गलौज कर धमकी देते हुये सब्जी काटने का पैसूल से मुझे मारने लगा, तब में बीच बचाव करने अपने दोनों हाथ को उठाई जिससे मेरे दोनों हाथ के पंजा, हथेली में चोटे लगा है। तब मैं बचाव बचाव कहकर चिल्लाई तो मेरा लड़का गणेश कुमार साहू उठा और बीच–बचाव किया है।

## खबर संक्षेप

### झुलसे बालक को उपचार के लिए सेक्टर-9 बर्न यूनिट में कराया भर्ती



**भिलाई।** दीपावली में पटाखे जलाते समय झुलसे अभिषेक यादव (9 वर्ष) के बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बालक को सेक्टर-9 हॉस्पिटल की बर्न यूनिट में एडमिट किया गया है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बच्चे के उपचार के लिए हर संभव सहायता का जिम्मा स्वयं लिया है। दीपक नगर निवासी अभिषेक के झुलसने की जानकारी मिलने के बाद विधायक ने यह पहल की है। अभिषेक की माता उषा यादव दूसरों के घर में झाड़ू-पोछा तथा पिता कचरा बीन कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। अभिषेक के साथ ऐसा हादसा होने से पूरा परिवार व्यथित है क्योंकि उनके पास अच्छे उपचार के रुपये नहीं हैं। उन्होंने इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई तो वैशाली नगर विधायक ने बिहार में रहते हुए मामले को संज्ञान में लिया। वरिष्ठ चिकित्सकों से बात कर अभिषेक को सेक्टर-9 बर्न यूनिट में रेफर करवाया। इस हादसे में अभिषेक का चेहरा और दोनों जल हाथ बुरी तरह झुलस गया है। जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती अभिषेक को आज पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 भिलाई की बर्न यूनिट लाया गया है। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम अभिषेक का उपचार कर रही है।

### प्लॉट पर कैफे खोलने को लेकर फोन पर दी अश्लील गालियां

**भिलाई।** प्लॉट पर कैफे खोलने को लेकर हुए विवाद में मोबाइल पर गाली-गलौच का मामला प्रकाश में आया है। मामले में नेहरूनगर निवासी अनिल शुक्ला ने सुपेला थाने में शिकायत की है। उन्होंने अभिनव कट्‌टल पर गाली गलौच और वाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। अनिल शुक्ला तकियापारा हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य हैं। उन्होंने शिकायत में कहा कि उन्होंने प्लॉट 10 मई 2024 को संतोष अग्रवाल से उक्त प्लॉट खरीदा है। उक्त प्लॉट पर कैफे खोलने को लेकर आरोपी द्वारा फोन पर गाली गलौच किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### चक्रवात के असर से भिलाई में बारिश

**दुर्ग।** जिले में मौसम की बेरूखी का क्रम लगातार जारी है। रविवार को पूरे दिन जहां धूप-छांव का खेल देखने को मिला। वहीं दोपहर और शाम के समय भिलाई में अचानक तेज बारिश हो गई। इस वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिले से मानसून भले ही रुखसत हो चुका है, लेकिन बारिश की संभावना अब भी बनी हुई है। मौसम विभाग की मानें तो रविवार को हुई बारिश बन रहे चक्रवात का असर है, जिसके आगामी दिनों में और भी अधिक प्रबल होने की संभावना है।

## महापर्व छठ : दल्लीराजहरा शहर में श्रद्धा और भक्ति की गंगा बही

# छठ पर सुख-समृद्धि के लिए व्रतधारी महिलाओं ने किया सूर्य को नमन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा का उत्सव सोमवार को दल्लीराजहरा शहर में पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर शहर में भक्ति, संगीत और हर्षोल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में, टोकरी में ठेकुआ, फल, नारियल और पूजा सामग्री लेकर सूर्य उपासना के लिए घाटों की ओर रवाना हुईं।

**डीजे, ढोल नगाड़ों और गीतों की धुन पर उमड़ी श्रद्धा की बयार:** जैसे ही शाम ढली, शहर के हर मोहल्ले से श्रद्धालु जुलूस के रूप में छठ घाटों की ओर बढ़े। डीजे की भक्ति धुनों, ढोल-नगाड़ों की ताल और पटाखों की गूंज ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। महिलाएं जलाशयों में जल में खड़ी होकर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती रहीं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्ति गीत "उग हे सूरज देव" और "कांच ही बांस के बहंगिया" की ध्वनि से पूरा वातावरण आस्था से भर गया। **दल्लीराजहरा शहर के घाटों पर दिखी आस्था की अनोखी छटा:** छठ पूजा स्थल पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे। हर घाट दीपमालाओं और रंगोली से सजा हुआ था। महिलाओं ने पारंपरिक विधि से व्रत का पालन करते हुए सूर्यदेव और छठ माता की पूजा की। जल में खड़ी व्रती महिलाओं की झिलमिलाती परछाइयों ने दृश्य को दिव्य बना दिया। नगर प्रशासन और सामाजिक नगर पालिका, वार्ड समितियों और स्थानीय स्वयंसेवकों ने घाटों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा की पूरी तैयारी की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विशेष निगरानी की व्यवस्था की।

### मंगलवार की भोर में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूर्ण होगा व्रत

छठ व्रतधारी महिलाएं मंगलवार की प्रातःकालीन बेला में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसी के साथ चार दिवसीय इस पर्व का समापन होगा। इस दौरान महिलाएं सूर्यदेव से परिवार की दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करेंगी। दल्लीराजहरा शहर में पहले से ही मंगलवार सुबह के अर्घ्य को लेकर उत्साह और तैयारी का माहौल बना हुआ है।

### आस्था और संस्कृति का संगम बना दल्लीराजहरा

छठ पर्व ने एक बार फिर यह साबित किया कि धार्मिक परंपराओं और लोक संस्कृति का सजीव प्रतीक है। संपूर्ण शहर में भक्तिमय वातावरण, दीपों की रौशनी और श्रद्धा की छटा ने छठ पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।

## विश्व हिंदू परिषद का एक दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण और बैठक संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला विश्व हिंदू परिषद का एक दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण व जिला बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, विभाग सह संयोजक बजरंग दल सुनील सेन, जिला अध्यक्ष विहिप बालोद बलराम गुप्ता, जिला मंत्री पोषण बनपेला, जिला संयोजिका मातृशक्ति संगठन सत्या साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

■ संगठन विस्तार व प्रवास की महत्ता पर हुई चर्चा

वर्ग में सर्वप्रथम मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजन के बाद संगठन आचार पद्धति से विजय महामंत्र, ब्रह्मानाद, एकात्मकता मंत्र का पाठ किया गया। आज वर्ग प्रशिक्षण को प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को प्रवास करना चाहिए जिससे कार्यकर्ता से संवाद होता है। बालोद कलाकेंद्र भवन में आयोजित इस बैठक में जिला के गुरूर, गुण्डरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा, दल्ली राजहरा, बालोद शहर, देवरी सहित अन्य ग्रामों के संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, सुरेश निर्मलकर हिंदूवादी नेता, जिला सह मंत्री प्रेम शुक्ला डौंडी, उमेश सेन, मोनू सोनवानी बालोद, कैलाश साहू देवरी, बजरंग दल संयोजक प्रदीप मिनपाल, सह संयोजक शिवम दुबे, जिला विहिप उपाध्यक्ष ममता यदु, नीलेश श्रीवास्तव, विधि प्रकोष्ठ संयोजक सेवन साहू, सह संयोजिका संगीता शर्मा, मातृशक्ति सह संयोजिका योगिता साहू, दुर्गावाहिनी जिला सह संयोजिका ललिता रानी, समरसता प्रमुख जितेंद्र सहाड़ा, प्रसार प्रचार दुर्गेश साहू, जिला संपर्क प्रमुख पारस साहू, मुकेश शर्मा, पंकज साहू, विजय कुमार, अंकित टाटिया, तुषार ढीमर, हर्ष साहू, विजय कोसरिया, पन्नालाल साहू सहित अन्य संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एलुमिनी में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कर्मचारी प्रकोष्ठ धनेली की तत्वाधान में शासकीय प्राथमिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनेली के पूर्व छात्र मिलन समारोह तथा प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला धनेली 1912 में प्रारंभ हुआ तथा माध्यमिक शाला 1957 में प्रारंभ हुआ।

■ धनेली विद्यालय का गौरवशाली अतीत याद किया



पूर्व छात्र मिलन समारोह के मुख्य आतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू जेल लोक निर्माण धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी छत्तीसगढ़ शासन ने किया। अध्यक्षता विधायक संजारी बालोद संगीता सिंहा ने किया, विशेष अतिथि के रूप में सेवा निवृत प्रधान पाठक धनेली खेदु राम साहू, सेवानिवृत प्रधान पाठक खुन्दनी अभ्यास राम साहू, सेवा निवृत शाखा प्रबंधक सुराज सिंह साहू,सतर्कता अधिकारी जीवन बीमा बाबू लाल बांडे, सेवानिवृत्ति वरिष्ठ व्याख्याता बीएसपी भानपुरी आत्माराम साहू रहे। कार्यक्रम प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन से प हुआ, ग्रामीण स्तरीय कक्षा 10वीं 12वीं में प्रथम द्वितीय आने वाले छात्र–छात्रओं को सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती में भाग लेने वाली छात्र मोनिका गंगबेर को सम्मानित किया गया, धनेली के समस्त सैनिकों का भी सम्मान किया गया और जितने भी 1957–58 के बैच में पढ़कर निकले छात्रओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने अपने माध्यमिक शाला पढ़ाई के अनुभव को लोगों को बताया कि उस समय सड़क मार्ग नहीं होने तथा नदियों में पुल नहीं होने के बाद भी खेत के मेढ से चलकर विद्यालय के लिए धनेली आते थे और विद्याथऍं जीवन के बहुत से अनुभव को श्रोता समाज को बताया की उस समय विद्यालय नहीं होने पर भी लोगों के मन में विद्या के प्रति लगन था और अपने शिक्षक अभ्यास राम महंत का सम्मान भी किया। अध्यक्षता कर रही विधायक संगीता सिन्हा ने भी शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि आज हम शिक्षा के कारण ही विकास के ऊंचाई पर आगे बढ़ रहे हैं,और अपने विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास के कार्यों को भी बताया। समस्त विशेष अतिथिगण भी अपने पढ़ाई काल के अनुभव को बताया सेवा निवृत्ति प्रधान पाठक अभ्यास राम महंत ने ग्राम धनेली में जब पदस्थ थे तब उन्होंने शैक्षणिक सांस्कृतिक सामाजिक अन्य गतिविधियों का भी जिक्र किया उस समय के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिता फरदफोड़ में किस प्रकार अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया और उनको स्थान भी मिला और सभी विशेष अतिथि ने सभा संबोधित किया।

## ग्राम टेंगना बरपारा में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं और सेवानिवृत्त कर्मचारी का हुआ सम्मान

**गुरूर।** ग्राम टेंगना बरपारा में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र–छात्रओं का सम्मान तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी नरेश कुमार सिन्हा का श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम रेहान कुमार सिन्हा, द्वितीय उपाधि सिन्हा एवं तृतीय स्थान प्राप्त कुसुम सिन्हा तथा बारहवीं बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त टकेश कुमार पटेल, द्वितीय खेमलता सिन्हा एवं तृतीय जिज्ञासा ठाकुर को प्रशस्ति पत्र एवम् मोमेंटो देकर सम्मानित एवम् प्रोत्साहित किया गया। खेल के क्षेत्र में राज्य स्तरीय हैमर थ्रो एवं कुश्ती प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर नेशनल के लिए चयनित खिलाड़ी दुर्गेश कुमार ठाकुर को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया राष्ट्रीय स्तर के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर लक्ष्मी पटेल सरपंच ग्राम पंचायत टेंगना बरपारा, ललिता पीमन साहू पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद, भानुराम सिन्हा, गैंदलाल निषाद, पंवरसिंह यादव, मुकुंद ठाकुर, राजेश साहू, गंधेश्वर सिन्हा, के एल कटेंद्र, पूजा सिन्हा, आरती ठाकुर, लोकनाथ कोसरे, सत्यवान ठाकुर, अग्रेश्वर निषाद, तारण सिन्हा, राहुल यादव, हिरेंद्र लावत्रे, टेमन पटेल, बीरेंद्र पटेल जितेंद्र साहू, चमन साहू एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के समस्त सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता खेमलाल कटेंद्र द्वारा किया गया।





## जिले में एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन जारी शिविरों में हो रहा शेष किसानों का नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में दल्लीराजहरा, चिखलाकसा, अरमुरकसा, पथराटोला, कुसुमकसा, डौडी, बोरगांव, ठेमाबुजुर्ग, चिखली, साल्हे सिघनवाही, कोकान सहित विभिन्न ग्रामीण समितियों में विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इन शिविरों में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत हैं, लेकिन एग्रीस्टैक पोर्टल में अभी तक पंजीकरण से वंचित हैं, उनका नामांकन किया जा रहा है। साथ ही जिन किसानों की व्यक्तिगत जानकारी पोर्टल में अधूरी है, उनके विवरण को अद्यतन भी किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व, सहकारिता एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने में जुटे हैं, ताकि जिले के सभी कृषक वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान खरीदी का लाभ प्राप्त कर सकें और कोई भी पात्र किसान योजना से वंचित न रहे। आज दिनांक 27 अक्टूबर को जिले की विभिन्न सहकारी समितियों समितियों में पंजीयन कार्य का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल के महत्व, इसके उद्देश्यों एवं लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। कृषक अब अपने संबंधित सहकारी समितियों या नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्रों (सीएससी) के माध्यम से भी एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन करा सकते हैं। वहीं जिन किसानों की जानकारी अधूरी है, वे समिति शिविरों में उपस्थित होकर अपनी जानकारी अद्यतन कर सकते हैं।

## नवयुवा समिति साल्हे सिघनवाही में पांच दिवसीय दीपावली उत्सव का भव्य आयोजन



**दल्लीराजहरा।** ग्रामीण साल्हे सिघनवाही नवयुवा समिति द्वारा इस वर्ष दीपावली पर्व को हर्षोल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। मां महालक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान गणेश की स्थापना कर गांव में पांच दिनों तक उत्सवों की झिलमिलाहट बिखरी रही। धनतेरस से लेकर भाईदूज तक पूरा गांव दीपों की रौशनी में नहाया रहा और हर दिन नई उमंग के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां होती रहीं। इन पांच दिवसीय आयोजनों में बच्चों और युवाओं की प्रतिभा निखारने हेतु जलेबी दौड़, फुगड़ी, रंगोली, नींबू दौड़, बोरा दौड़, मेढ़क दौड़, फुग्गा फोड़, कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। दीपावली की रात्रि में माँ महालक्ष्मी की भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों ग्रामवासी शामिल हुए और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में व्रत, पर्व और उत्सव समाज को भौतिकता से आध्यात्मिकता की ओर ले जाते हैं और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम हैं। वहीं संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गाँव में आपसी एकता, भाईचारा और परंपरागत सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना है। पिछले 13 वर्षों से हमारी समिति यही कार्य निरंतर कर रही है। गांव की गलियों में जगमगाते दीप, गूंजते भजन और बच्चों की हंसी ने साल्हे सिघनवाही की दीपावली को बना दिया एक अद्भुत सांस्कृतिक पर्व का उत्सव।

## सत्यसाईं सेवा संगठन ने किया 100 भजन कार्यक्रम का आयोजन



**गुण्डरदेही।** सत्यसाईं बाबा के जन्म शताब्दी अवसर पर सत्यसाईं सेवा संगठन हल्दी के तत्वावधान में 100 भजन का कार्यक्रम ग्राम हल्दी में आयोजित किया गया।

जिसमें सनातन धर्म के आराध्य भगवान सीताराम, विष्णु, शंकर, हनुमान, दुर्गा, सरस्वती माता आदि की सु मधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में सत्य साईं संगठन के भजन संयोजक कृष्णा केहरी ने बताया कि ईश्वर का नाम ही वह नौका है जो हमें सांसारिक जीवन के सागर से पार ले जाता है। अन्नपूर्णा राव ने कहा कि अंतर मन से आराध्या का भजन गाना उनके निकट उपस्थिति का एहसास दिलाता है।

सामाजिक कार्यकर्ता केशव राम साहू ने कहा कि मनुष्य का आगमन इस संसार में परोपकार एवं नाम स्मरण के लिए ही हुआ है, तन से सेवा और मन से नाम भजन स्मरण कर उनकी कृपा को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी ने सत्यसाईं संगठन द्वारा किया जा रहा परोपकार का कार्य जैसे निःशुल्क चिकित्सा आदि का बखान किया।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी मीना पांडे, यमला साहू, पूजा, सरस्वती, श्रीनिवास राव के साथ स्थानीय कार्यकर्ता हंसा रामटेके, केवरा बाई रजक, हेमबाई ठाकुर, वंदना साहू, गोमती कटहरे, इंदल साहू, लोचन सिंह, अनिल कटहरे, यज्ञ दत्त रामटेके, रंग दमन सिंह राजपूत, दीनबंधु, किशोरी निर्मल, भोज निर्मल, कन्हैया साहू, संतराम, टिकेश्वर निषाद की भागीदारी रही।

## परिक्षेत्र साहू समाज का शपथग्रहण व विदाई सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



शनिवार को कंवर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोरदो में परिक्षेत्र साहू समाज का शपथग्रहण एवं बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा माता कर्मा के पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को बिदाई सम्मान प्रतीक चिन्ह, फेटा देकर प्रेषित की गई।

पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित एवं पदाधिकारी को नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू ने शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि तहसील चुनाव के बाद अब सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष के द्वारा शपथ ग्रहण का दौर जारी है। सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों को समाज को आगे बढाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा कि सभी 12 परिक्षेत्र मे चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। कही परिक्षेत्र अध्यक्ष निर्विरोध चुने तो कहीं चुनाव जीत कर परिक्षेत्र अध्यक्ष बने है। लेकिन सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष एवं ग्रामीण अध्यक्षों के साथ मिलकर काम करेगे। समाज को एकता और सदभावना की ओर ले जाना है। तभी समाज आगे बढेगा। सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने कहा कि समाज को संगठित करने के लिए ग्रामीण से लेकर परिक्षेत्र की बहुत बडी जिम्मेदारी होती है। संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू ने कहा कि समाज को एकसूत्र मे रखने के लिए एकता जरुरी है। सभा को महिला बाल विकास सभापति संध्या साहू, महिला संगठन सचिव डामेश्वरी साहू, सरपंच उत्तरा मरकाम, तहसील सचिव घना राम जेठमल, संरक्षक प्रभूदास साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे सभी 10 परिक्षेत्र अध्यक्ष मौजूद थे। परिक्षेत्र कंवर के द्वारा सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों का सम्मान किया। अकलवारा, खोरदो, कंवर, परसुली पेन्डरवानी, देवकोट के ग्रामीण उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आई टीआई में प्लेसमेंट कैंप 30 को

**डौंडीलोहारा।** क्विज स्कोर कंसलटेंसी कंपनी पुणे के द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा जिला-बालोद में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 30 अक्टूबर को किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों जैसे टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, नेस्ले इंडिया तथा सिंटेक्स प्राइवेट लिमिटेड आदि में आई टी आई तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को नियोजित किए जाएंगे। अतः सभी इच्छुक छात्र छात्राएं अपने सभी दस्तावेजों तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सुबह 10:00 बजे शासकीय आई टी आई डौंडीलोहारा जिला-बालोद में उपस्थित हो कर इस अवसर का लाभ उठाए।

### भाजपा शहर मंडल बालोद का गठन किया गया

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के अनुमोदन से भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद का गठन किया गया है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा हम आशा करते हैं कि नवगठित टीम भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, संगठन के सिद्धांतों एवं जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाएगी। गठित टीम में अध्यक्ष अतिम चोपड़ा, उपाध्यक्ष कमलेश गौतम, बसंती साहिरो, संतोश महेश पाठक, संदीप सिन्हा, महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी, हिते"वरी कौशिक, मंत्री गोकुल ठाकुर, लक्ष्मी साहू, दिव्या बजाज, आशा पटेल, कोशाध्यक्ष राकेश बंटी बाफना, सह कोशाध्यक्ष दिनेश तापड़िया, मिडिया प्रभारी टिके"वर साहू, प्रचार प्रसाद कमल बजाज को बनाया गया है। वही कार्यकारिणी सदस्य में एवन साहू, दिनेश साहू, मनीश माधवानी, राजेन्द्र कानेकर, धीरज भाई पटेल, विकास राठी, प्राची लालवानी, जयराम निर्मलकर, प्रतिमा यादव, रोहणी साहू, डोमेन्द्र साहू, राधा कौशिक, कुलेश यादव, रौनक कत्याल, दिव्ती यादव, राहुल साहू, प्रीतिबाला साहू, पिंटु सारथी, कैलाश बिसाई, दयाल बघेल, अबरार सिद्दीकी, राजेश राज सोनी, भवानी शंकर शर्मा, नीतू सोनवानी, सुनीता मनकर, जोगेन्द्र सोनी, घासुराम गंधर्व, संजय शर्मा, प्रभाकर बाघमार, मंजू साहू, ई"वर साहू, रमेश नाहटा, गोमती रात्रे, समीर खान, नीमा साहू को बनाया गया है।

### नशेड़ियों ने सिपाहियों को पीटा, पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर शराब पार्टी कर रहे युवकों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट कर दी। घटना तब हुई जब डायल-112 की टीम ने उन्हें सड़क पर शराब पीने से मना किया। युवकों ने न केवल पुलिसकर्मियों से हाथापाई की, बल्कि डायल-112 वाहन की चाबी भी छीन ली और करीब 40 मिनट तक घेरकर रखा। जामुल थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि घटना 23 अक्टूबर की रात की है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम रावणभाठा क्षेत्र में झगड़े की सूचना पर गई थी।

## निधन

### अंजनी बाई चन्द्रवंशी

**गुरूर।** ग्राम कपरमेटा भरदा निवासी अंजनी बाई चन्द्रवंशी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे जितेन्द्र कुमार, जीवराज कुमार, कन्हैया लाल की माता थी।

# नवागांव में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय हुई खेल-कूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मेरा युवा भारत दुर्ग एवं स्वास्तिक कीडा मंडल नवागांव के तत्वाधान दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता ग्राम नवागांव में आयोजित किया गया। जिसमें 100 मीटर दौड़ बालिका में ऋतु साहू प्रथम, रागिनी द्वितीय बालक वर्ग दौड़ में धनेंद्र कुमार प्रथम, ललित कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्सा कस्सी में मां शारदा ग्रुप प्रथम एवं मां वृंदा देवी ग्रुप द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

गोला फेक में विवेक प्रथम व साहिल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तो वही कबड्डी में मतवारी की टीम प्रथम सौराबांधा की टीम द्वितीय एवं निपानी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्यातिथि महामंत्री दुर्ग ग्रामीण रूपेंद्र कुमार शुक्ला थे। अध्यक्षता सरपंच बेल्हारी अमित अग्रवाल ने किया। विशेष अतिथि उपनिदेशक मेरा युवा भारत दुर्ग नितिन शर्मा, सरपंच टेमरी वरुण नेताम, पूर्व सरपंच नवागांव चंद्रभान साहू, महेंद्र साहू उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने समस्त विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि एवं विनर शील्ड प्रदान किए और सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मेरा युवा भारत के मास्टर ट्रेनर एवं जिला समिति सलाहकार ढाल सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आस पास के लगभग 25 टीमों के युवा क्लबों में भाग लिया था विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तर में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### खेल से बढ़ता है अनुशासन और एकता





**ये रहे मौजूद :** कार्यकम में चंदन महलवार, अभिषेक सेन, उमेश यादव, ऐनु यादव, उत्तम कुमार, तीरथ, जयंत, मोनिश, नीरज, विनोद, रूपेंद्र, सुभाष, साहिल, विवेक एवं स्वास्तिक कीडा मंडल नवागांव के समस्त सदस्यों एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## आयोजन

# संस्कृति और एकता का पर्व बना मातर मड़ई उत्सव

### लोक परंपराओं की गूंज में झूमे गांव, राउत नाचा ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर




जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित पारंपरिक मातर मड़ई उत्सव में इस वर्ष जनप्रतिनिधि और जनसंस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने एक के बाद एक कई गांवों की मातर मड़ई में शामिल होकर लोगों का उत्साह बढ़ाया और ग्रामीण परंपराओं को सम्मान दिया।

इस दौरान वे ग्राम बोरगहन, साजा तथा ग्राम पांगरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके तथा जनप्रतिनिधियों के आगमन पर हर गांव में अत्यंत धूमधाम और पारंपरिक उल्लास के साथ स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने अपनी गौरवशाली परंपरा के अनुरूप उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान, रंग–बिरंगी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने पारंपरिक राउत नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

वहीं बुजुर्गों और लोक गायकों ने दोहा और छंदों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया, जो इस क्षेत्र की लोक–साहित्यिक परंपरा की गहराई को दर्शाता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मातर मड़ई हमारे ग्रामीण जीवन की आत्मा है, हमें अपनी समृद्ध संस्कृति तथा परंपराओं को हर हाल में सहेज कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा, यह परंपराएं ही हमारी असली पहचान हैं, इन्हें जीवंत रखना हम सबका कर्तव्य है। पुष्पेन्द्र ने कहा हमारी परंपराएं हमे एक जुटता के साथ भाई चारा, प्रेम, सौहाद्र स्थापित करने मे सहायक है। उन्होंने ग्रामीणों की एकजुटता की सराहना की और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। गांवों में देर रात तक लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले का आयोजन होता रहा, जिसने उत्सव के रंग को और भी गहरा कर दिया।

### ग्राम देवरी में हुआ भव्य मातर उत्सव

**बालोद/निकुम।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम देवरी द बड़े पारा में सोमवार को भव्य मातर उत्सव हुआ। जिसमें सभी ग्राम वासी सम्मिलित होकर खुशी से झूम उठे। वही इस अवसर पर ग्रामीण सरपंच दीपा ठाकुर ने कहा कि गांव में संस्कृति और श्रद्धा का संगम देखने को मिलता है, सब मिलकर गांव का विकास करेंगे, वही सुबह यादव बंधु पारंपरिक वेशभूषा के साथ दोहा नृत्य करते हुए गांव गली में भ्रमण करते हुए। शीतला माई मंदिर में ध्वजा लेकर गांव के किसान की अच्छी फसल व सभी के लिए आशीर्वाद लेकर गौठान पहुंचकर खुडहरदेव व मातर की पूजा अर्चना की। वही गौठान में गौ माता के पैर से कद्दू को तुड़वाया इस अवसर पर जनपद सदस्य नेम बाई साहू ने कहा कि देवरी द पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम रहे है, गांव में शराबबंदी प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने साहू समाज में बर्तन



सहित कई बेहतर काम कर रहे हैं। जिसमें कृष्णा साहू रोहित साहू, मदन साहू, हुकुम साहू, गवेंद्र सीताराम, डोमन साहू, चुम्मन साहू जनपद प्रतिनिधि व उप सरपंच खेलन साहू ने बताया 28 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ी नाच मोर गांव गंवई नाच जाल बांधा की प्रस्तुति कला मंच बाजार चौक में होगी।

### बाबा मोहंदीपाठ देव मंडई में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**बालोद/निकुम।** बाबा मोहंदी पाठ में रविवार को देव मंडई में हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर मंदिर पहुंचे, सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। गौर हो कि बालोद जिले के अर्जुंदा से महज 10 किलोमीटर दूर विराजित प्राचीन देव स्थल बाबा मोहंदी पाठ का दरबार लगता है, जिसकी पूरे अंचल से महिमा मंडित है, ज्ञात होगी छत्तीसगढ़ में दीपावली मनाने के बाद प्रथम रविवार को बाबा मोहंदी पाठ में भव्य मेला मंडई होती है, यह परंपरा बरसों से चली आ रही है, इस वर्ष 26 अक्टूबर रविवार को मेल मंडई व मंडई मेला में आकर अंचल सहित



दूर दराज से आकर श्रद्धालु दर्शन किए, वही पुराने नीम और सेमर वृक्ष के छाव में बाबा के साथ अन्य देव, सफेद घोड़ा आखरा पखरा देव विराजित है, बाबा का सिंगार हुआ। जानकारी देते हुए अर्चना मोहंदी पाठ नरसिंह देवांगन ने बताया मेले में शांति पूर्ण रही वहीं पुलिस सजगता कार्य किया जो काफ़ी सराहनीय हैं। वहीं थाना प्रभारी अर्जुंदा जोगेंद्र साहू ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल व सुरक्षा के सुरक्षा पूरे इंतजाम किया गया। वही मेला में शांति पूर्ण हुआ।

### ग्राम सिकोसा में आज मंड़ई महोत्सव

**बालोद।** ग्राम सिकोसा में आज मंड़ई महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि 10 बजे से ग्रामजनों के मनोरंजन के लिए भूपेंद्र साहू रंग सरोवर का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामीणों ने व्यवस्था बनाई है। कि दीपावली के बाद आने वाले पहले मंगलवार को ग्राम में प्रतिवर्ष मंड़ई का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक विधानसभा गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विधानसभा दुर्ग अरुण वोरा एवं अन्य अतिथियों का भी आगमन होगा। जिसमे आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा सरपंच प्रीतम कुमार ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले, समस्त पंचगण एवं अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सिकोसा द्वारिका बारलेएवं समस्त ग्रामवासी आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा रहेंगे।

# गौधाम समितियों की समीक्षा बैठक में चारा, पोषण आहार और जनसहयोग पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग, शासन द्वारा संचालित गौधाम संचालन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्राप्त आवेदनों के लिये जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला स्तरीय गौधाम समिति जिला बालोद अध्यक्ष योगेश्वर यादव ने की। इस अवसर पर उपसंचालक पशुधन विभाग जिला बालोद डॉ महेश मण्डावी, अति.उपसंचालक पशुधन विभाग जिला बालोद डॉ. डीके. सिहारे, पशुधन विभाग से डॉ. अभिषेक मिश्रा, वीएसए बालोद डॉ सोमेश जोशी, जिला गौधाम समिति सदस्य विनोद कुमार साहू, गोविंद सिंह साहू, पुरूषोत्तम सिंह राजपूत व रविन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित थे। समिति के उपसंचालक पशुधन विभाग जिला बालोद सचिव डॉ.महेश मण्डावी ने कहा कि गौधाम संचालन का उद्देश्य केवल गौवंश की सुरक्षा नहीं बल्कि ग्रामीण व नगर अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना एवं जैविक कृषि को बढावा देना भी है। उन्होंने कहा सभी के संहयोग से शासन के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए प्रत्येक गौधाम का संचालन पारदशऍ और व्यवस्थित ढंग से किया जाए। जिला गौधाम समिति द्वारा विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति के प्रतिवेदनों की तुलनात्मक अध्ययन एवं गौधाम संचालन के लिए आमंत्रित आवेदनों में से संस्था के चयन एवं विचार कर अनुशंसा की गई। बैठक में चर्चा किया गया कि तात्कालिक पोषण आहार की व्यवस्था कैसे होगी। गौधाम में गौवंश के चारे हेतु पैरा संधारण, धान कटाई का पैरा को जलाने से रोकना एवं पैरा को एकत्रित कर उसे गौधाम में व्यवस्था सुनिश्चित कर भेजना। प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में सूचना प्रेषित करना। जनसहयोग से गौपालकों का सम्मेलन व गोष्टी किया जावे।

प्रत्येक गौधाम के आस पास के 10–10 गांव के 10–10 गौपालक, कृषक की सूची बनाकर, गोबर गोमूत्र से उत्पाद के प्रशिक्षण के लिए योजना बनाना व ग्राम पटेल को जिस स्थान पर गौधाम वहां का संरक्षक नियुक्त किया जावे। 29 अक्टूबर समय सुबह 11 को नगरपालिका गौधाम तांदुला बांध के नीचे बालोद में गोपाष्टमी पर्व पर गोपूजा, के साथ गौमाता को खिचड़ी खिलाई जाएगी। पश्चात बालोद जिला के खंड स्तरीय गो धाम समिति की गो सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित कर नियुक्त सदस्यों को शपथ ग्रहण सह कार्यभार संपादन अधिकार सौंपने के कार्यक्रम का आयोजन किया जाना तय किया गया है। इस कार्यक्रम के आतिथ्य हेतु नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा उपसंचालक पशु धन विभाग जिला बालोद प्रस्तावित किए गए। इसके सफल संचालन में ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों, किसानों और समाज का सहयोग हो। जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया जावे गौधाम की नियमित निगरानी कर आवश्यक सुधारात्मक कदम सुनिश्चित किए जाएं।

# खेल के साथ साथ पढाई भी जरूरी हैं : सरपंच दुर्गा चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ छात्र छात्राओं और ग्रामीणों ने पारंपरिक खेलों में लिया भाग

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी मे सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सरपंच दुर्गा चौधरी की मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। जिसमें शासकीय प्राथमिक एव पूर्व माध्यमिक विद्यालय आमटी के छात्र छात्राओं तथा ग्रामीणो ने पारंपरिक खेलों मे भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को ग्राम पंचायत की ओर से पुरस्कृत किया गया। पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया। युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंचायत स्तर की सांसद खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसका शुभारंभ सरपंच दुर्गा चौधरी ने फीता काट कर किया, कब्बडी, कुर्सी दौर, गेंडी, लम्बीं कुद, खो खो, गोला फेक आदि प्रकार के खेल सम्पन्न हुआ। बालक/ बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खेल में सरपंच दुर्गा चौधरी ने कहा कि खेल के साथ साथ पढाई भी जरूरी हैं, सभी प्रतीभागी बच्चों का उज्जवल भविष्य की कामनाये किये। कार्यक्रम को सफल बनाने मे बी एड एवं बीएससी बी एड के छात्र अध्यापक एवं मोहन ठाकुर कुलेशवर प्रसाद शर्मा अधापक गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# साहू समाज के वैवाहिक मंच में युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा के अगुवाई में सोमवार को चतुर्थ दिवस भी साहू समाज के सामाजिक बंधुओं द्वारा साहू सदन गुण्डरदेही में आयोजित निःशुल्क मार्गदर्शन शिविर में संपर्क कर अपने पुत्र–पुत्रियों की विस्तारित बायोडाटा प्रदान किया जा रहा है तथा अन्य आवश्यक जानकारी भी प्राप्त किया जा रहा है जिसके आधार पर आपसी सहयोग से इन पंजीकृत युवक – युवतियों एवं पालकों से मुलाकात कराने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

मार्गदर्शन शिविर के अंतिम दिवस 28 अक्टूबर मंगलवार को 11 बजे से पंजीयन कार्य शुरू रहेगा, तत्पश्चात अभी तक पंजीकृत युवक – युवतियों एवं जो पंजीयन नहीं कराए है। वे सभी युवक युवतियां भी साहू सदन गुण्डरदेही में उपस्थित होकर परिचय दे सकते हैं। इस निःशुल्क मार्गदर्शन शिविर में मुख्यरूप से सलाहकार के रूप में नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष हेमंत कुमार साहू, संगठन सचिव किशन लाल साहू एवं पूर्व कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे, पूर्व अंकेक्षक हेमंत कुमार साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गुण्डरदेही चंद्रहास साहू, भाठागांव आर से रवि कुमार साहू, कलंगपुर से झग्गर साहू, गुण्डरदेही से लेखु राम साहू, पूर्व अध्यक्ष जेआर साहू ने विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अब तक विवाह योग्य कुल 115 युवकों एवं 41 युवतियों की पंजीयन हो चुका है।



### एक सप्ताह में 38 आरोपी आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने विगत एक सप्ताह में लगातार कार्रवाई की है। इस दौरान धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने-धमकाने, अशांति फैलाने और उपद्रव करने वाले आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल 38 आरोपियों को आर्म्स एक्ट की धारा 27-27 के तहत गिरफ्तार कर उनके कब्जे से धारदार हथियार जब्त किए। इस प्रकार 180 आरोपियों को जेल भेजा गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अतिक्रमण हटाने से प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास की मांग

# भाजपा नेताओं ने आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ 200 से अधिक परिवार आवास संकट में

भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक नगर पंचायत पलारी नंदकुमार साहू एवं पूर्व भाजपा महामंत्री संतोश गंगबेर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी अंतर्गत पात्र लाभार्थियो हेतु आवास निर्माण की मांग करते हुए आवास एवं शहरी विकास केन्द्रीय मंत्री तोखन लाल साहू को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि नवगठित नगर पंचायत पलारी में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ किया गया है, जिसमे से लाभार्थी आवास का निर्माण लाभार्थी आधारित निर्माण बीएलसी हेतु लाभार्थी द्वारा स्वयं की भूमि पर निर्माण कर सकेंगे, परंतु नगर मे बहुत से ऐसे परिवार निवासरत है। जिनके पास स्वयं की भूमि नही होने, भूमि हीन होने के कारण उक्त योजना से वंचित हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री का सपना अधूरा रह जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत पलारी में व्यापक अतिक्रमण को देखते हुए नगर विकास समिति ने हाई कोर्ट बिलासपुर में जनहित याचिका प्रस्तुत की थी जिस आधार पर हाई कोर्ट ने नगर पलारी में समस्त अतिक्रमण को चिन्हाकित कर अतिक्रमण तोड़ने का आदेश जारी किया था, हाईकोर्ट के निर्णय के बाद पलारी मे अतिक्रमण तोड़ने का काम किया जा रहा है। 200 से अधिक परिवार ऐसे है जिनके पास स्वयं की भूमि नही है और वे अतिक्रमण कर कच्चा आवास बनाए हुए है वे भी अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रभावित होंगे। ऐसे में 200 से अधिक परिवारो के समक्ष आवास के गंभीर समस्या खड़ी होंगीं। इन्ही समस्याओ को देखते हुए नंद कुमार साहू एवं संतोश गंगबेर ने मंत्री से भेंट कर उक्त मांग की है।

इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भागीदारी मे किफायती आवास ईएसडब्लू योजना नगर पंचायत पलारी मे स्वीकृत किया जाए ताकि लाभार्थी को परियोजना अंतर्गत मकान आबंटन का लाभ प्राप्त हो सके।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411